टीसीएस आईटी विज 2016 नेशनल फाइनल्स में हार्दिक और निश्चय बने उप-विजेता

मुंबई। भारत के सबसे बडे इंटर-स्कूल आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज 2016 के नेशनल फाइनल्स में मध्यप्रदेश के हार्दिक पटेल और निश्चय शोपुरकर दूसरे उप-विजेता बने। उन्हें एक कांस्य पदक , आई फोन, 1 टीबी हार्ड डिस्क तथा पावर बैंक के व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ स्कूल के लिए ट्राफी मिली। फाइनल्स में ग्रैण्ड फिनाले पर चैम्पियनशिप टाइटिल के लिए 8 शहरों से आई आठ उत्कृष्ठ टीमों के साथ मुकाबला करना पडा। टीसीएस द्वारा आयोजित नेशनल फाइनल्स का मुकाबले मुंबई के ताज लैण्डस एण्ड में खेले गए थे। इसके लिए टीम को मुंबई तक हवाई यात्रा के साथ ताज मे ठहरने तथा टीसीएस के सीईओ से मिलने का अवसर मिला था। इस साल की प्रतिस्पर्धा में रीजनल लेवल पर पूरे भारत के 1,328 स्कूलों के कक्षा आठ से बारह के लगभग 15,000 छात्रों ने हिस्सा लिया।